



## एक नजर में

### गीता जयंती पर 1 से 3 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे

**खंडवा।** जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालय पर विश्व गीता प्रतिष्ठान एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से गीता जयंति कार्यक्रम का आयोजन 1 से 3 दिसम्बर तक किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही श्रीमद्भगवत गीता के 15 वे अध्याय का सामूहिक स-स्वर पाठ किया जावेगा। सभी विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम 1 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम श्री रायचंद नागडा उत्कृष्ट विद्यालय खण्डवा में आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी खण्डवा को आयोजन के संबंध में दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विकासखण्ड मुख्यालयों पर आयोजन के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने विकासखण्ड क्षेत्र के एस डी एम से समन्वय कर स्थान का निर्धारण कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गीता जयंती कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा निर्धारित मिनिट टू मिनिट प्रोग्राम का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित करवाएंगे।

### जल संरक्षण संबंधी प्रतियोगिता में शामिल हों और पुरस्कार जीतें


**खण्डवा ।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खंडवा द्वारा ''जल संरक्षण'' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ये प्रतियोगिताएं ''लोगो'' डिजाइन, ''मैस्कॉट'' डिजाइन और ''स्लोगन लेखन'' से संबंधित होगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि लोगो, मैस्कॉट एवं स्लोगन डिजाईन प्रतियोगिता में से प्रत्येक के लिए प्रथम पुरुस्कार की राशि 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार की राशि 6 हजार रुपये और तृतीय पुरुस्कार की राशि 4 हजार रुपये रहेगी। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी खण्डवा जिले की एन.आई.सी. की वेबसाईट पर ''प्रतियोगिता में ऑनलाईन भाग लें'' पर क्लिक करके शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी प्रतियोगिता में भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए जिला पंचायत खण्डवा में डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रत्युष शर्मा के पास हार्डकॉपी जमा करा सकते हैं। इसके अलावा ई मेल से पर भी भेज सकते हैं। अभ्यर्थी ई मेल पर अपना नाम, पता और सम्पर्क हेतु मोबाईल नंबर का विवरण अवश्य दें। नियम और शर्तों के लिए वेबसाइट पर ''आमंत्रण पत्र'' देखें। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ये तीनों प्रतियोगिताएं ''जल संरक्षण'' विषय पर ही केंद्रित रहेंगी। प्रतिभागी एक या एक से अधिक श्रेणियों में प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। प्रविष्टियाँ मौलिक, रचनात्मक एवं कॉपीराइट मुक्त होनी चाहिए। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त सभी प्रविष्टियों के लिए जिला प्रशासन खण्डवा की निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा।

### मोतियाबिंद के 46 मरीजों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा

**खण्डवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत गुरूवार को पंधाना विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में मरीजों की आंखों की जाँच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए कुल 46 मरीज चयनित कर उन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा रहा है। सर्जरी के लिए चयनित मरीजों को आवश्यक दवाइयां व चश्मा भी प्रदान किया जायेगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बड़ौदा के वेदांताचार्य गिरिराज शास्त्री के गीता पर होंगे पर प्रवचन

1 दिसंबर को श्री भगवद गीता महोत्सव का होगा आयोजन



**खंडवा।** श्रीमद् भागवत गीता महोत्सव का आयोजन 1 दिसंबर गीता जयंती के पावन अवसर पर सोमवार को दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कल्यानगंज में आयोजित होगा। समाजसेवी व समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान योगिराज श्रीकृष्ण जी ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को जो उपदेश ज्ञान दिया था वह हम सनातनियों का पवित्र ग्रंथ भगवद गीता जी है, अर्थात गीता जी का प्रागट्य दिवस है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूर्व निमाड सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति खंडवा के तत्वावधान में 1 दिसंबर सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में श्रीमद् भगवद गीता' जी महोत्सव का आयोजन बड़ी दिव्यता के साथ वेदांताचार्य परम पूज्य गिरिराज शास्त्री (बड़ोदा) के सानिध्य में उनकी ओजस्वी वाणी में प्रवचनों के साथ होगा। समिति के संयोजक आशीष चटकेले ने गीता जयंती महोत्सव पर आयोजित इस पुनीत धर्मिक कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु सपरिवार, ईष्ट-मित्रों सहित आधार कार्ड पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### ओंकारेश्वर वृद्धाश्रम में जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



**खण्डवा ।** वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जांच शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि बुधवार को जिला चिकित्सालय के मेडिकल टीम ने तीर्थस्थली ओंकारेश्वर स्थित सांदीपनी वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क उपचार किया। इस दौरान मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सागर मालवीय, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निधि व पेरामेडिकल स्टाफ ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाईयां दीं।

### खुदीराम बोस स्मृति कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल जाएंगे पंकज लाड़



**खंडवा।** शहीद खुदीराम बोस की स्मृति में तीन दिवसीय बड़ा आयोजन उनकी जन्मस्थली हबीबपुर पश्चिम बंगाल में आयोजित किया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश से खंडवा के उद्घोषक एवं पत्रकार पंकज लाड़ को आमंत्रित किया गया है। तीन दिसंबर को अंतिम दिन कार्यक्रम का समापन, पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह होगा। इसमें पंकज लाड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। खुदीराम बोस स्मृति समाज कल्याण संगठन के इस आयोजन में श्री लाड़ को आमंत्रित करने पर खंडवा के साहित्यिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यक्रम में खेल गतिविधियों और देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साहित्यिक आयोजन भी होंगे। उनकी शहीद स्थली बिहार के मुजफ्फरपुर के अलावा हरियाणा, उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल के कई स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, समाजसेवी और शिक्षाविद शामिल होंगे।

# टिडगांव के पांच घरों में दबिश, डेढ़ लाख की सागौन जब्त




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। बेशकीमती सागौन की तस्करी के लिए जिले भर में कुख्यात टिडगांव से फिर डेढ़ लाख रुपए की सागौन के पटिये और लकड़ी बरामद की गई है। घरों के अंदर किचन और मकान की छत पर यह लकड़ी रखी गई थी। वन विभाग की टीम को देखते ही महिलाओं ने हंगामा भी किया। महिला वनकर्मियों को भी वन अमला इसीलिए साथ ले गया था। टिडगांव के आसपास 25 साल पहले घना जंगल हुआ करता था। अब केवल ठूंठ बचे हुए हैं। यहां के सारे जंगल तस्करों ने काटकर बेच दिए। इस क्षेत्र में सागौन लकड़ी के मामले में दर्जनों के लोगों पर चल रहे हैं।**

खंडवा से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर ही यह गांव है। इसे केंद्र बनाकर आसपास के 25 किलोमीटर में जंगल अब बचे ही नहीं हैं। यहां हालत यह थे, कि वन विभाग के 5- 7 कर्मचारी तो घुस ही नहीं सकते। बड़ा अमला ले जाना पड़ता है।

### इतनी सागौन हुई जब्त

*सूचना पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए यह से सागौन चिरान 302 नग 2.133 घ.मी. कीमत 1.50 लाख की जप्त कर 05 आरोपियों के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज किया। पूरे मामले की जांच जारी है।*

### पांच घरों में दी दबिश

नई बात करें तो शनिवार को ग्राम टिडगांव में वन विभाग की टीम ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने पांच घरों में दबिश दी है। इन घरों के अंदर से किचन और मकान की छत के ऊपर से बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ियां जब्त हुई हैं।



### डेढ़ लाख है कीमत

जब्त लकड़ियों की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पांच आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 562 में कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले की जांच जारी है।

एसडीओ वन ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, कुछ घरों में बड़ी संख्या में सागौन की लकड़ियां छुपाकर रखी गई है।

## हनुमान जी की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा

**प्राण प्रतिष्ठा हवन के साथ हनुमान जी की प्रतिमा नए मंदिर में विराजित**

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सराफा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर के सामने तुलसी उद्यान में श्री बाल पीपलेश्वर हनुमान जी का शनिवार को त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नए मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ नए स्थान पर शिव परिवार की मूर्तियों को स्थापित किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सराफा स्थित तुलसी उद्यान में हनुमान जी का मंदिर विगत 40 वर्षों से स्थापित था लेकिन पीपल के पेड़ के कारण मंदिर कुछ क्षतिग्रस्त हो गया था। सर्राफा के युवाओं ने नवीन मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर श्रीबाल पिपलेश्वर हनुमान मंदिर नवनिर्माण समिति का गठन कर इस मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण किया।



17 युवाओं की टीम ने कम समय में मंदिर निर्माण करवा कर प्राचीन हनुमान जी की प्रतिमा को विराजमान करवाया। प्राण प्रतिष्ठा के प्रारंभ में 26 नवंबर बुधवार को मूर्ति का नगर भ्रमण करवाया था जिसमें अंतर्राष्ट्रीय बारेलाल बेंड नरसिंहगढ़ न शानदार भजनों की प्रस्तुति दी थी।

तीन दिनों तक पंडित भरतलाल चंद्रे द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। शनिवार को दस महाविधि स्नान अभिषेक के साथ विश्व शांति एवं सभी के कल्याण के लिए हवन आयोजित हुआ। तत्पश्चात मंत्रोचार के साथ हनुमान जी की प्रतिमा को नए मंदिर में विराजमान किया गया।

इसके पूर्व मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं भगवा ध्वज फहराया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मूर्ति विराजमान के बाद इस अवसर पर प्रसादी एवं एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया।

पिपलेश्वर हनुमान मंदिर नवनिर्माण समिति के सदस्यों अतुल सोनी, अमित पालीवाल, शोभित सोनी, कुश पालीवाल, कपिल सोनी, सिद्धेश सोनी, सोमेश सोनी, रजत सोनी, अभिषेक सोनी, कलश सोनी, प्रसन्न सोनी, अमन सोनी अनिमेष पालीवाल, पंकज सोनी सुजीत सोनी, आयुष पाटोदी, सात्विक सोनी सोनी द्वारा तन मन धन से सहयोग देकर नवनिर्मित मंदिर का निर्माण कराकर प्रतिमा विराजमान की गई।

## भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4240 रुपए जारी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए और 28 नवंबर को 4260 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

## गुड़ीखेड़ा में बैठक का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**पंधाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना के अंतरगत आने वाले गुड़ीखेड़ा में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में अंतरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया।**

गुड़ीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अयोजित बैठक में कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए सामूहिक चर्चा एव अन्य मध्यमों से गतिविधियों में परमर्श दिया गया।

## मून्दी में खेल महोत्सव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मून्दी। संकुल स्तरीय आयोजन बुखार दास मेला ग्राउंड पर हुआ । इस खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक नारायण पटेल ने किया। विधायक ने अपने उद्यान में कहा कि यह जो खेल महोत्सव प्रारंभ किए गए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सपना है कि इसमें छोटे-छोटे गांव की छोटे-छोटे शहरों की प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन कर सके और आगे भाग लेकर गांव से लेकर जिले तक का नाम गोरांवित करें।**

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर ने कहा कि आज जो बच्चे आसपास की स्कूलों के विद्यार्थी जो करतब दिखा रहे हैं सराहनी है और मून्दी नगर परिषद द्वारा भूमि का निर्धारण हो गया है और करीब 7 करोड़ की लागत का सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण होगा और इसमें ज्यादा ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे । ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी जो ग्रामीण क्षेत्र के उभरती प्रतिमा है उन विद्यार्थियों को यहां प्रदर्शन का मौका मिलेगा। स्टेडियम निर्माण करीब 1 वर्ष में होने की उम्मीद है और नगर परिषद द्वारा हर संभव सहयोग दिया जाएगा ।




इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मंडलोई ,पार्षद गण एवं जिला उपाध्यक्ष ईदू दुबे उपस्थित थे ।

उक्त जानकारी कन्या हाई स्कूल प्राचार्य चंपालाल डोडे ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मून्दी संकुल में स्थित छह हायर सेकेंडरी स्कूल एवं चार हाई स्कूलों के बीच खो खो कबड्डी, शतरंज, क्रिकेट, रैस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाई गई । इसमें बीड़

मून्दी, जलवा बुजुर्ग, खेगाव, बागरदा, कोदवार, जामकोटा, दुधवास एवं गुड़गांव रैयत की टीमों ने भाग लिया। इसमें से विजेता टीमों का निर्णय कर उन विद्यार्थियों की टीमों को विकास खंड स्तर पर खेलने जाएगी । कार्यक्रम को संचालन शिक्षक राजेंद्र चौहान ने किया।

## एस.एन.सी.यू. में 27 दिन भर्ती रहकर अब पूर्णत: स्वस्थ्य हुआ कृष्णा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** विकासखण्ड पंधाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्याखुर्द निवासी तामसिंग ने प्रसव के लिए अपनी पत्नी ममिन्ता को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ ने जांच के बाद सिजेरियन प्रसव की सलाह दी। प्रसव के बाद ममिन्ता ने बालक कृष्णा को जन्म दिया जिसका वजन जन्म के समय केवल 1.100 किग्रा पाया गया। संक्रमण व अन्य कारणों से बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए बच्चे को तत्काल 'नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई' एस.एन.सी.यू में भर्ती कराया गया।

एस. एन. सी. यूनिट में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.कृष्णा वास्केल ने कृष्णा का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रारंभ किया। बच्चे को 5 दिन तक वेंटिलेटर पर रखा गया। बच्चे के स्वास्थ्य में धीरे धीरे सुधार होने पर उसे सी पेप मशीन पर 7 दिन तक रखा गया। बेहतर उपचार मिलने से बच्चें के स्वास्थ्य में धीरे धीरे सुधार होने लगा।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वास्केल ने बताया कि बच्चों को संक्रमण व अन्य स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या होने पर एस.एन.सी.यू में 24 घंटे निगरानी में रखा जाता है। डॉ. वास्केल ने बताया कि अब कृष्णा पूरी तरह से स्वस्थ है और उसका वजन भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अस्पताल में 27 दिन भर्ती रहने के बाद कृष्णा अब अपने घर पहुंच गया है। बच्चे के पिता श्री तामसिंग ने बताया कि अस्पताल में बहुत अच्छा ईलाज हुआ, डॉक्टर व स्टॉफ का व्यवहार भी बहुत अच्छा था। ताम सिंह ने कहा कि यही इलाज यदि प्राइवेट अस्पताल में कराते तो हजारों रुपए खर्च हो जाते। सरकारी अस्पताल में कृष्णा का बहुत ही अच्छा इलाज निशुल्क ही हो गया। सरकारी अस्पताल में सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध होने के लिए ताम सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया।

**जागरूकता अभियान** — **बच्चों को मुस्कान अभियान के तहत जागरूक किया**

# एसपी ने बच्चों संबंधी कानून सरलता से समझाया, मुग्ध हुए विद्यार्थी

**नवभारत न्यूज**

**पंधाना।** मॉडल स्कूल गुड़ी में बच्चों को मुस्कान अभियान के तहत जागरूक किया। पिपलोद थाना एवं चौकी ने क्षेत्रांतर्गत कार्यक्रम का किया आयोजन किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे 01 से 30 नवंबर तक नाबालिग बालिकाओं पर घटित अपराध की रोकथाम के लिए मुस्कान जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक शाला गुड़ी में स्कूली बच्चों को प्रभावी तरीके से सरल शब्दों में समझाइए दी।

उन्होंने गुड-टच, बेड-टच, महिला संबंधी अपराध, नशीले पदार्थो का सेवन, साइबर अपराध जिसमें अश्लील चित्रण वीडियो फोटो के द्वारा ब्लैकमेलिंग एवं उनसे होने वाले दुष्परिणाम, बाल विवाह, बाल अपराध, बाल बंधवा मजदूर, 1090 महिला अपराध, 1930 साइबर अपराध, 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन, डायल 112, दहेज प्रताड़ना पास्को एक्ट, भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत बालक बालिकाओं के क्रिया कलापों, पुलिस हेल्पलाइन नंबर के बारे में एवं सोशल मीडिया का उपयोग की बारीकियां भी समझाईं।






शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक शाला गुड़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगोट एवं केंद्रीय विद्यालय खंडवा में बालक, बालिकाओं से संवाद करते हुए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान द्वारा अनुशासन, स्वास्थ्य, कैरियर पर फोकस करने की जानकारी दी। थाना प्रभारी पिपलोद निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ पांडे व उनकी टीम लगभग 800 बच्चों मौजूद थे।